हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 172 देहरादून, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है : मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल 3

# एसीएस राधा रतूड़ी ने गृह विभाग की समीक्षा की

## मानवाधिकार संरक्षण के दृष्टिगत जिलों के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को कारागारों की मांग पर कैदियों को मेडिकल सुविधा आदि तक पहुंचाने के लिए सुरक्षा कर्मियों की आपूर्ति को तत्काल एवं शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करने की कड़ी हिदायत



■ एसआईएसएफ (राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल ) के गठन की कार्यवाही को तीव्र करने के निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसंबर , मानवाधिकार संरक्षण के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी ने जिलों के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को कारागारों की मांग पर कैदियों को मेडिकल सुविधा आदि तक पहुंचाने के लिए सुरक्षा कर्मियों की आपूर्ति को तत्काल एवं शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करने की कड़ी हिदायत दी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री देवभूमि के विजन को जल्द से जल्द साकार करने हेतु राधा रतूड़ी ने राज्य में शीघ्र एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन हेतु गढ़वाल और कुमाऊँ मण्डल में एक-एक ड्रग्स इंस्पेक्टर तथा 35 अन्य कार्मिकों के स्पष्ट प्रस्ताव को शीघ्रा गृह विभाग को भेजने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए हैं।

**राज्य में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन की कार्यवाही आरम्भ**

सचिवालय में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में एसीएस राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, बैंकों, हैलीपैड, हैलीपोर्ट, औद्योगिक आस्थानों की सुरक्षा के लिए गठित की जाने वाली एसआईएसएफ (राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल ) के गठन की कार्यवाही को तीव्र करने के निर्देश पुलिस, होमगाड्र्स एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को दिए। बैठक में उन्होंने इससे सम्बन्धित सभी लंबित प्रस्तावों की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) गठन के निर्देश दिए हैं। राज्य में बैंकों एवं औद्योगिक आस्थानों, हैलीपैड एवं सरकारी उपक्रमों की पुख्ता सुरक्षा के लिए एक उत्तरदायी एवं संवेदनशील सुरक्षा बल की नितान्त आवश्यकता है।

बैठक में राधा रतूड़ी ने नशीले पदार्थों के तस्करों से कड़ाई से निपटने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का पूरी तरह से गठन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को इस सम्बन्ध में हिमाचल प्रदेश मॉडल और उत्तर प्रदेश मॉडल का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए हैं। इस दिशा में नशा तस्करों की रीढ़ तोड़ने और अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय गिरोहों का पर्दाफाश करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का सहयोग लिया जाएगा। बैठक में विशेष सचिव गृह रिद्धिम अग्रवाल सहित सम्बन्धित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली में कोरोना की एंट्री, उत्तराखंड में अलर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 30 दिसंबर : एक तरफ नए साल के जश्न की तैयारी चल रही है, तो वहीं दूसरी ओर कोरोना का खतरा बढ़ने लगा है। कोरोना के जेएन.1 वेरिएंट ने दिल्ली में दस्तक दे दी है। यहां कोरोना के नए वेरिएंट का पहला मरीज मिला है। दिल्ली में केस सामने आने के बाद उत्तराखंड में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। उत्तराखंड में सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने की सख्त हिदायत दी गई। फिलहाल उत्तराखंड में जेएन.1 वेरिएंट का कोई केस नहीं मिला है,




लेकिन स्वास्थ्य विभाग अपनी तरफ से हर एहतियात बरत रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी में खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। अभी राज्य में प्रतिदिन 80 से 100 मरीजों के सैंपल जांच को भेजे जा रहे हैं। फिलहाल सभी सैंपल की रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है। आईडीएसपी इंचार्ज डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि अभी तक जितनी भी जांच की गई है, सभी सैंपल निगेटिव आए हैं। कोई भी मरीज कोविड पॉजिटिव नहीं पाया गया है। उन्होंने लोगों से गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग अधिक से अधिक जांच कर संदिग्ध मरीजों पर नजर भी रख रहा है। आप कोरोना के खतरे को गंभीरता से लें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी Covid JN.1 variant गाइडलाइन का पालन करें। सतर्क रहें।

# भाजपा महानगर ने प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 30 दिसंबर : भारतीय जनता पार्टी महानगर के प्रभारी कुलदीप कुमार की संस्तुति पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने महानगर के विभिन्न मोर्चा प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा निम्न प्रकार से की।युवा मोर्चा संकेत नौटियाल महिला मोर्चा संदीप मुखर्जी सह प्रभारी बबलू बंसल अनुसूचित जाति मोर्चा विमल उनियाल अनुसूचित जनजाति मोर्चा मोहित शर्मा किसान मोर्चा सुनील शर्मा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजेश कंबोज एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदीप कुमार को नियुक्त किया गया। महानगरअध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने घोषणा करते हुए कहा कि आप सभी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता है आप सभी भाजपा महानगर के संगठन को मजबूत करने में अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन देंगे ऐसी आशा ही नहीं अपितु अपेक्षा के साथ आप सभी का भविष्य उज्जवल हो ऐसी कामना करते हैं।



सिद्धार्थ अग्रवाल
महानगर अध्यक्ष
मो0 9412059800

भारतीय जनता पार्टी
महानगर देहरादून
परेड़ ग्राउंड


दिनांक – 29.12.2023

भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून प्रभारी श्री कुलदीप कुमार जी की संस्तुति पर महानगर मोर्चों के नव नियुक्त प्रभारीयों/सह प्रभारी की घोषणा निम्न प्रकार से की जाती है :–

महानगर मोर्चा प्रभारी/सह प्रभारी सूची

| कम | मोर्चा | मोर्चा प्रभारी/सह प्रभारी | दायित्व | मोबाइल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | युवा मोर्चा | श्री संकेत नौटियाल | महानगर मंत्री | 9719966456 |
| 02 | महिला मोर्चा | श्री संदीप मुखर्जी | महानगर मंत्री | 7251824325 |
| | | श्री बबलू बंसल | महानगर कार्यकारणी सदस्य | 9027171146 |
| 03 | अनुसूचित जाति मोर्चा | श्री विमल उनियाल | महानगर मंत्री | 9759588631 |
| 04 | अनुसूचित जनजाति मोर्चा | श्री मोहित शर्मा | महानगर कोषाध्यक्ष | 9557744477 |
| 05 | किसान मोर्चा | श्री सुनील शर्मा | महानगर उपाध्यक्ष | 9837644445 |
| 06 | अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा | श्री राजेश काम्बोज | महानगर मंत्री | 9412032747 |
| 07 | अल्पसंख्यक मोर्चा | श्री प्रदीप कुमार | महानगर सह मीडिया प्रभारी | 9634444488 |

# अयोध्या जायेंगे देवभूमि के राम भक्त करेंगे पहला दर्शन



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसंबर , श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन के लिए सबसे पहले उत्तराखंड के 1500 श्रद्धालुओं को विश्व हिंदू परिषद अपने खर्च पर विशेष ट्रेन से अयोध्या लेकर जाएगी। यह ट्रेन 25 जनवरी को देहरादून से चलेगी और हरिद्वार, बरेली होते 26 जनवरी को ट्रेन अयोध्या पहुंचेगी। 27 जनवरी को राम भक्त राम लला के सबसे पहला दर्शन करेंगे। प्रभु श्रीराम लगभग 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात 22 जनवरी को जन्म स्थान पर बन रहे भव्य मंदिर में पुनः विराजमान होंगे। विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने हरिद्वार में उत्तराखंड वासियों को यह खुशखबरी दी।

**होगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम :** हरिद्वार में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 17 जनवरी से आरंभ होगा। 17 जनवरी को रामलला के पांच वर्ष की अवस्था की पांच फीट ऊंची प्रतिमा का नगर भ्रमण होगा। 18 जनवरी को जल व 19 को अन्नवास और 20 जनवरी को शैय्या वास होगा। 21 जनवरी विश्राम होगा। 22 जनवरी को ब्रह्म मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा आरंभ होगी।

**अयोध्या में भव्य आयोजन का साक्षी बनेगी नई पीढ़ी :** विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि राम हमारी प्रेरणा है, हमारी पहचान है, हमारी अस्मिता हैं। धर्म की पुनर्स्थापना के लिए संघर्ष सदैव से होता आया है, कभी-कभी सृजन के लिए यह आवश्यक भी होता है। श्री राम जन्मभूमि के लिए 76 बार विकट संघर्ष हुआ, इस संघर्ष में हर भाषा, वर्ग, समुदाय व संप्रदाय के लोगों ने सहभागिता की थी। 25 पीढ़ियों के बलिदान, त्याग और समर्पण के प्रतिफल स्वरूप प्राप्त इस भव्य आयोजन की साक्षी वर्तमान की पीढ़ी बनेगी, जिन्होंने वर्तमान के संघर्ष और विजय को प्रत्यक्ष देखा है।

# हार्ट अटैक की वजह बन सकता है लगातार नाइट शिफ्ट करना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 30 दिसंबर : इन दिनों काम का बढ़ता प्रेशर लगातार लोगों को कई तरह की समस्याओं का शिकार बना रहा है। काम की वजह से लोग न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक समस्याओं की चपेट में भी आते जा रहे हैं। खासतौर पर नाइट शिफ्ट करने की वजह से इसका लोगों की सेहत पर काफी बुरा असर पड़ने लगा है। नाइट शिफ्ट में काम करने से न सिर्फ आपकी स्लीप साइकल डिस्टर्ब होती है, बल्कि इससे सेहत को भी काफी नुकसान पहुंचता है। तो चलिए जानते हैं नाइट शिफ्ट के कुछ गंभीर साइड फैक्ट्स के बारे में।

हम सभी ने हमेशा से सुना होगा कि रात में जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना हमारी सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। लेकिन नाइट शिफ्ट की वजह से कई बार हमारी नींद पूरी नहीं हो पाती है। साथ ही हमारे सोने और उठने की आदतों में भी काफी बदलाव हो जाता है। ऐसे में नींद की कमी होने लगती है, जो सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। ऑफिस की शिफ्ट का असर हमारे खानपान पर भी देखने को मिलता है। वहीं, अगर आप नाइट शिफ्ट कर रहे हैं, तो इससे आपके खाने की आदत पूरी तरह से बिगड़ जाती है। खानपान में हुई इस गड़बड़ी का असर हमारी पाचन क्रिया पर भी पड़ता है, जिसकी वजह से पाचन संबंधी कई समस्याएं जैसे कब्ज आदि का सामना करना पड़ता है।

नाइट शिफ्ट करने से व्यक्ति कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। दरअसल, रात में काम करने की वजह से हमारे सोने और खाने की आदतों में काफी बदलाव होने लगता है, जिसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। नाइट शिफ्ट की वजह से हार्ट अटैक, डायबिटीज जैसी समस्याओं का खतरा काफी बढ़ जाता है.नाइट शिफ्ट करने से न सिर्फ आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर असर पड़ता है, बल्कि इसका प्रभाव आपके सामाजिक जीवन पर भी पड़ता है। दरअसल, रात में काम करने के बाद व्यक्ति दिन में ज्यादातर समय सोता रहता है, जिसकी वजह से आप सामाजिक रूप से काफी अलग-थलग होने लगते हैं।



# सावधान ! आवाज छीन सकता है कोरोना ! चौंकाने वाली रिपोर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसंबर , कोरोना संक्रमण बेहद खतरनाक होता जा रहा है. अब तक कई बीमारियों का खतरा बन रहा कोविड 19 का इंफेक्शन अब आपकी आवाज भी छीन सकता है. हाल में आई एक स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. वैज्ञानिकों ने पाया कि कोरोना (Corona) का संक्रमण स्वाद और गंध ही नहीं गले की आवाज भी छीन सकता है. Covid 19 की वजह से वोकल कार्ड पैरालिसिस (Vocal Cord Paralysis) का पहला मामला भी सामने आया है. जानें क्या कहती है नई स्टडी...




आवाज के लिए कितना खतरनाक है कोरोना अमेरिका में मैसाचुसेट्स आई और ईयर हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं ने पाया है कि कोरोना इंफेक्शन तंत्रिका तंत्र से संबंधित या न्यूरोपैथिक समस्याएं भी हो सकती हैं. इसी वजह से वोकल कार्ड यानी आवाज की नली में पैरालिसिस का मामला मिला है. जर्नल पीडियाट्रिक्स में पब्लिश एक स्टडी रिपोर्ट में कोरोने से होने वाली दूसरी गंभीर समस्याओं को लेकर अलर्ट किया गया है.

कोरोना से छीनी बच्ची की आवाज

रिपोर्ट्स के अनुसार, सार्स-सीओवी-2 वायरस के इंफेक्शन के कुछ दिनों बाद ही 15 साल की एक लड़की को अचानक से सांस लेने की परेशानी होने लगी. जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो जांच में पाया गया कि तंत्रिका तंत्र पर कोविड के दुष्प्रभाव की वजह से लड़की को वोकल कॉर्ड पैरालिसिस हो गया. उसे पहले से ही अस्थमा और एंग्जाइटी की समस्या भी थी. शोधकर्ताओं ने बताया कि इस केस के एंडोस्कोपिक जांच में उसके वॉयस बॉक्स में पाए जाने वाले दोनों वोकल कॉर्ड पैरालिसिस का पहला केस

इस स्टडी को लिखने वालों का कहना है कि कोविड-19 की शुरुआत के बाद इस उम्र में वोकल कॉर्ड पैरालिसिस का यह पहला केस है. हालांकि वयस्कों में इस तरह की परेशानी पहले देखने को मिल चुकी है. हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में प्रोफेसर क्रिस्टोफर हार्टनिक का कहना है कि कोरोना संक्रमण से सिरदर्द, हार्ट अटैक और पेरिफेरल न्यूरोपैथी जैसी कई तरह की न्यूरोलॉजिकल समस्याएं देखने को मिल सकती हैं. इससे पता चलता है कि वोकल कॉर्ड पैरालिसिस का खतरा भी कोरोना वायरस से हो सकता है. इसलिए इसे गंभीरता से लेकर समय पर इलाज करवाना चाहिए.

# प्रोटीन खाना या प्रोटीन पीना क्या है बेहतर, एक्सपर्ट से जानें



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 30 दिसंबर : प्रोटीन एक आवश्यक मैक्रोन्यूट्रिएंट है जो (पानी के अलावा) हमारे शरीर का अधिकांश हिस्सा बनाता है. यह हमारी त्वचा, मांसपेशियों, हार्मोन, एंजाइम, हड्डियों, ब्लड आदि का निर्माण करता है. हालांकि, शरीर में मौजूद कार्बोहाइड्रेट और फैट जैसे अन्य मैक्रोन्यूट्रिएंट्स के अलग, हमारे शरीर में प्रोटीन को स्टोर करने के लिए कोई रिजर्व नहीं है. यह देखते हुए कि भारत में हमारी आबादी का एक बड़ा प्रतिशत शाकाहारी है, इस फैक्ट पर जोर दिया गया है कि हममें से बहुत से लोगों को अपनी डेली डाइट में पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिलता है. और इसलिए यह सवाल आता है कि क्या आपको अपना प्रोटीन खाना चाहिए या प्रोटीन पीना चाहिए।

न्यूट्रिशनिस्ट दीप्ति जैन आपको यह समझने में मदद करेंगी कि आपके प्रोटीन के सेवन का सही तरीका क्या है. प्रोटीन के लिए वयस्क आरडीए 0.8-1 ग्राम प्रोटीन प्रति किलोग्राम वजन है, यह इस पर भी निर्भर करता है कि आप अपनी दिनचर्या में किस प्रकार की शारीरिक गतिविधियां करते हैं. एक 65 किलोग्राम वजन वाले वयस्क को प्रतिदिन लगभग 52-65 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होगी. अधिकांश नॉनवेजिटेरियन लोगों के लिए, यह मसला नहीं है क्योंकि औसतन नॉनवेजिटेरियन डाइट मुख्य रूप से शरीर में प्रोटीन की आवश्यकता को पूरा करती है, जिसे फुल प्रोटीन भी कहा जाता है क्योंकि इनमें नौ प्रकार के अमीनो एसिड होते हैं जिन्हें हमारा शरीर अपने आप पैदा नहीं कर सकता है।

वेजिटेरियन के लिए, डेयरी प्रोडक्ट, टोफू, क्विनोआ, या फूड कॉम्बिनेशन जैसे दाल चावल, हम्मस और पिटा ब्रेड आदि को फुल प्रोटीन के रूप में बांटा जा सकता है. जबकि प्रोटीन पाउडर/शेक में विटामिन और खनिज शामिल होते हैं, नेचुरल सोर्स के फूड के सेवन में विटामिन, खनिज, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर होते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि आप मील से सेटिस्फाइंग हैं/भरा हुआ महसूस करते हैं. आम तौर पर हमारे दिमाग को यह संकेत देने में लगभग 20-30 मिनट का समय लगता है कि खाने से हमारा पेट भर गया है. इसलिए, केवल प्रोटीन शेक आपको पेट भरे होने का एहसास नहीं देगा क्योंकि यह जल्दी कंज्यूमर हो जाता है.

# बच्चे के रूटीन के ये 9 मिनट होते हैं बहुत सेंसिटिव



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 30 दिसंबर : बच्चे जब छोटे होते हैं तो वो अपने हर काम के लिए माता-पिता पर निर्भर होते हैं. यह वह समय होता है जब उन्हें मां-बाप की सबसे ज्यादा जरूरत होती है. इस दौरान बच्चे को पेरेंट्स की भावनात्मक तौर पर सबसे ज्यादा जरूरत होती है. बचपन वह नाजुक समय होता है जिसमें माता-पिता की जरा सी भी लापरवाही बच्चे के दिमाग पर बुरा असर डाल सकती है. इसलिए पूरे दिन में 9 मिनट ऐसा होता है जब पेरेंट्स को बच्चों के साथ जरूर होना चाहिए।

आपको बता दें कि सुबह जब बच्चा उठता है तो आप 3 मिनट जरूर उसके साथ गुजारिए. वहीं, सोने से पहले भी आप उसके साथ 3 मिनट गुजारिए और स्कूल से आने के बाद भी आप 3 मिनट गुजारिए। इसके अलावा भी आप बच्चे के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं, जैसे- आप खाना एक साथ खा सकते हैं, आउटडोर., इनडोर गेम खेल सकते हैं, आप हर वीकेंड पर उनको किसी पार्क और म्यूजियम में घुमाने ले जा सकते हैं। आप उनके साथ घर में साथ बैठकर कार्टून भी देख सकते हैं या फिर उनको मोरल स्टोरी सुना सकते हैं. इससे आपके और बच्चे के बीच बॉन्ड अच्छा होगा. वहीं, आप ऑफिस से आने के बाद बच्चे ने दिन भर क्या किया है इसके बारे में बातचीत कर सकते हैं. इससे आपको उनके दोस्तों के बारे में उनकी रुचियों के बारे में भी पता लग सकेगा. तो आज से आप अपने बच्चे के साथ इस तरह समय गुजार कर एक हेल्दी रिलेशन बना सकते हैं जो कि, पेरेंट्स होने के लिहाज से बेहद जरूरी है।

# शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है : मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 30 दिसंबर : श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव व खेलकूद कार्यक्रम का क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉ अग्रवाल ने विद्यालय में इनडोर जिम के लिए 05 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा भी की। इस दौरान स्वागत गान, गढ़वाली, कुमाउनी गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति विद्यालयी बच्चों द्वारा दी गयी।

विद्यालय प्रांगण पर आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में डॉ. अग्रवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डा. अग्रवाल ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, शिक्षा से व्यक्ति का भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास सुनिश्चित होता। व्यक्तित्व के निर्माण के लिए भी शिक्षा नितांत आवश्यक रहती है। शिक्षा और संस्कार मनुष्य के जीवन के दो कीमती उपहार है, जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देते है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होता है, तभी वह परिवार, समाज और देश का विकास कर सकता है। हमारी शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित न रहे, बल्कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ हमारा चारित्रिक विकास भी सुनिश्चित हो, इस दिशा में ध्यान दिये जाने पर भी उन्होंने बल दिया। इसमें माता-पिता और गुरुजनों का अहम योगदान रहता है।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि माता-पिता और शिक्षकों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि बच्चों को सदा सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाएं। उन्हें सहनशील, कर्तव्यनिष्ठ बनाएं तथा सभी से प्रेम पूर्वक आत्मीयता का व्यवहार करना सिखाएं। क्योंकि मनुष्य अपने जीवन में जो डिग्री हासिल करता है वह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा मात्र है, जबकि व्यक्ति की असली डिग्री उसके संस्कार हैं, जो उसके व्यवहार में झलकते हैं। प्राचीन काल से ही भारत में संस्कारों का पाठ पढ़ाया जाता रहा है। डा. अग्रवाल ने शिक्षकों से अपेक्षा की कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। देश के कल का भविष्य तैयार करने की बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के ही कंधों पर है। शिक्षक किसी भी विद्यार्थी के जीवन को प्रकाश एवं उन्नति से आलोकित करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। उनके मार्गदर्शन में ही छात्र साधारण से असाधारण की यात्रा करने में सफल होता है।





डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही विश्व गुरु रहा है और आज का नया भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः विश्व गुरु का स्थान प्राप्त करने के लिए पूरी शक्ति के साथ शिक्षा सहित हर क्षेत्र में विकास की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश को आज नई शिक्षा नीति प्राप्त हुई है। उत्तराखण्ड राज्य में इस नीति को लागू कर दिया गया है। जो हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से सभी वर्ग के लोगों को समानता के आधार पर शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे तथा स्कूल स्तर पर युवाओं के कौशल विकास में सहायता प्राप्त होगी। इस नीति से शोध एवम अनुसंधान को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवा पीढ़ी को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में युवाओं के भविष्य की बेहतरी के लिये विशेष रोड मैप तैयार किया जा रहा है। इसके आधार पर उत्तराखण्ड सरकार राज्य के युवाओं को प्रत्येक स्तर पर उनके सपने साकार करने में सहायता प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रही है।

डॉ. अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलते हुए हम शीघ्र ही एक विकसित भारत बनाने में अवश्य सफल होंगे। इस वर्ष देश में आयोजित हुए जी-20 सम्मेलन से पूरी दुनिया भारत के सामर्थ्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित हुई है। आज विश्व मंच पर भारत की बात सुनी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में नये भारत का मॉडल तैयार हुआ है तथा 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना साकार करने की दिशा में मजबूती के साथ कदम बढाये जा रहे है।

इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष दीप शर्मा, समाजसेवी वचन पोखरियाल, व्यापारी नेता अखिलेश मित्तल, मण्डल अध्यक्ष सुमित पंवार, प्रधानाचार्य मेजर गोविंद सिंह रावत, महामंत्री नितिन सकसेना, भरत मंदिर के वरुण शर्मा, मेजर एमसी त्यागी, आरपी सिंह, नागेश राजपूत, राम प्रकाश जोशी, डीपी सिंह, अशोक रस्तोगी, रमेश गवाड़ी, शम्भू प्रसाद जुगलान, के एल दीक्षित, राजेन्द्र प्रसाद पांडेय, राम कृपाल गौतम, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सती, रूपेश गुप्ता, उप प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद त्रिपाठी, कैप्टन लखविंदर सिंह, रंजन अंथवाल, अभिनव पाल, सुनील थपलियाल सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यालयी बच्चें, अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# नैनीताल पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ कर रही है लगातार कार्यवाही

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- ‘ड्रग्स-फ्री देवभूमि’ मिशन के अंतर्गत नैनीताल पुलिस कर रही है अपराधियों पर लगातार कार्यवाही
- 62 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ रामनगर पुलिस ने 02 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

नैनीताल 30 दिसंबर : उत्तराखंड को ₹ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025₹ अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा जनपद स्तर पर चलाये जा रहे नशे के विरुद्ध अभियान में नैनीताल पुलिस नशे के तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में एसपी सिटी हल्द्वानी के निर्देशन में व अरुण कुमार सैनी प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में रामनगर पुलिस टीम को 02 नशे के तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

पुलिस टीम द्वारा काशीपुर मार्ग में शान्ति व्यवस्था तथा वाहन चैकिंग के दौरान पीरूमदारा के पास मधुवन कॉलोनी को जाने वाले रास्ते के पास रामनगर की ओर से एक काले रंग की स्कॉर्पियो को रोकने का इशारा करने पर चालक द्वारा अपने वाहन को वापस रामनगर की ओर मोड़ने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन संख्या UK18G- 7100 – स्कॉर्पियो (रंग काला) को मौके पर ही रोक लिया वाहन में 02 व्यक्ति सवार थे । वाहन को चेक किया तो वाहन की डिक्की में एक प्लास्टिक के कट्टे में 62 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। दोनों को गिरफ्तार कर थाना रामनगर में FIR NO -538/23, धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। तस्करी में लिप्त वाहन को सीज किया गया है।

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया कि जड़ाऊखान, धूमाकोट गढ़वाल के गाँव से एकत्र कर अपने इलाके में महँगे दामो मे बेच देते हैं जो भी मुनाफा होता है, उसे हम आपस में बाँट लेते हैं।

गिरफ्तार व्यक्ति-

1-गुरविन्दर सिंह उम्र- 38 वर्ष पुत्र धर्म सिंह निवासी मानपुर रोड माउंट सनाय स्कूल के पास थाना काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर 2-विशाल जाटव उम्र- 19 वर्ष पुत्र हरीश जाटव निवासी रामफल कॉलोनी गढ़ीनेगी थाना कुंडा जनपद उ0सिं0नगर



बरामदगी- 62 किलोग्राम गांजा

गिरफ्तारी टीम1- SSI I मो0 यूनुस कोतवाली रामनगर2- SSI II मनोज दयाल कोतवाली रामनगर3- उ0नि0 राजेश जोशी चौकी प्रभारी पिरूमदारा4- का0 भारत भूषण5- का0 प्रयाग कुमार6- का0 कविन्द्र सिंह 7- का0 विनीत चौहान

# एसएसपी नैनीताल के निर्देशन में 'नव-वर्ष' के आगमन पर जिले के मुख्य पर्यटन क्षेत्रों में सुव्यवस्थित यातायात हेतु यह रहेगा ट्रैफिक प्लान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



नैनीताल, 29 दिसंबर : नव-वर्ष के अवसर पर जिले के प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से श्री प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल के निर्देशन में नैनीताल पुलिस द्वारा एक प्रभावी रुट/डाइवर्जन प्लान तैयार किया गया है।

निर्धारित रुट प्लान का पालन करने हेतु समस्त सम्मानित जनता से अपील है कि निम्न रुट प्लान का पालन कर ही अपनी यात्रा तय करें और अपने गंतव्यों को प्रस्थान करें। यह रूट/डाइवर्जन प्लान दिनांक 30.12.2023 से 01.01.2024 तक प्रभावी रहेगा।

नव-वर्ष के अवसर पर नैनीताल शहर का यातायात प्लान

पहली स्कीम - नैनीताल शहर में पर्यटकों के वाहन बगैर किसी रोक-टोक के किसी भी निर्धारित मार्ग से आ-जा सकते हैं।

सामान्यतः वाहनों की पार्किंग मैट्रोपोल, अशोका व डीएसए पार्किंग में होती है, इन तीनों पार्किंग में सामान्य स्थिति में 900 से 1000 वाहनों की पार्किंग की जाएगी।

दूसरी स्कीम - जब फ्लैट (डी0एस0ए0). मैट्रोपोल व अशोका पार्किंग 70% भर जाने पर वाहनों को सूखाताल पार्किंग एवं कुमांऊ मण्डल विकास निगम पार्किंग में पार्क किया जायेगा।

तीसरी स्कीम- जब कुमाऊं मण्डल विकास निगम एवं सुखताल पार्किंग लगभग 70% भर जाएगी तब भवाली से नैनीताल आने वाले वाहनों को मस्जिद तिराहा भवाली से बैंड नंबर 01 को डायवर्ट कर रूसी बाईपास हल्द्वानी रोड पर पार्क किया जाएगा तथा यहां से पर्यटकों को शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा जाएगा।

इसी प्रकार कालाढूंगी की ओर से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को रूसी बाईपास कालाढुंगी रोड एवं नारायण नगर पार्किंग में पार्क करवाकर शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजाजाएगा।

चौथी स्कीम - जब तृतीय स्कीम के प्रभावी होने पर भी नैनीताल शहर में पर्यटकों के वाहनों का दबाव होता है तो नैनीताल तिराहा (कालाढूंगी) एवं भीमताल तिराहा (काठगोदाम) में वाहनों की चैकिंग प्रारंभ करते हुए भीमताल, भवाली व अल्मोड़ा जाने वाले पर्यटकों को नैनीताल तिराहा कालाढूंगी से होते हुए मंगोली रूसी 01 से रूसी 02 होते हुए बैंड नं 01 से भवाली अल्मोड़ा भेजा जाएगा।

नैनीताल तिराहा कालाढूंगी से नैनीताल की ओर केवल केंमू की बस व टेंपो ट्रैवलर आएंगी।▪ शेष टूरिष्ट की (बडी बसें) नैनीताल तिराहा कालाढुंगी से ऊपर नहीं आएगी। ▪बारा पत्थर से पंगोट रोड पर टेंपो ट्रैवलर नहीं जाएगे, केवल हल्के चौपहिया वाहन को प्रवेश दिया जाएगा।पाँचवी स्कीम- नैनीताल शहर मे यातायात का दबाव फिर भी बढता है तो नैनीताल आने वाले अन्य जनपदों के बाइकर्स को नैनीताल तिराहा कालाढूंगी व रानीबाग में रोका व पार्क कराया जायेगा वहाँ से ये लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट (बस, टैक्सी) के माध्यम से नैनीताल भेजे जाएगे। ▪ जू-शटल के वाहनों को सैन्ट फ्रान्सेंस चर्च के नीचे पार्क कराया जायेगा। वहा से इन वाहनों को बारी- बारी से जू को भेजा जायेगा। ▪ इण्डिया होटल के पास किसी भी प्रकार के टेक्सी/प्राइवेट/जू-शटल वाहन पार्क नही होंगे। ▪ नोट : उपरोक्त यातायात प्लान निम्न पर प्रभावी नहीं होगा।

◈ स्थानीय निवासियों को उनका आधार कार्ड चेक करने को प्रात सामान्य प्रवेश दिया जाएगा।

◈ जिन होटलों में पार्किंग की सुविधा है उन होटलों में बुकिंग वाले पर्यटकों के वाहनों को सामान्य प्रवेश दिया जाएगा।

◈ स्थानीय नागरिक यदि अन्य वाहनों से हैं तो उनका आधार कार्ड चेक कर आधार कार्ड स्थानीय होने पर सामान्य प्रवेश दिया जाएगा।

◈ लोकल टैक्सियों को भी सामान्य प्रवेश दिया जाएगा।

◈ सरकारी सेवा से संबंधित वाहनों को सामान्य प्रवेश दिया जाएगा।

◈ जिनके व्यापार दुकान आदि नैनीताल शहर में उनको भी सामान्य प्रवेश दिया जाएगा।

➡ नव वर्ष के अवसर पर ₹कैंची धाम₹ का यातायात प्लान

▪ सर्वप्रथम कैंची धाम में पर्यटकों के वाहनों को बिना किसी रोक-टोक के कैंची भेजा जाएगा।▪कैंची धाम स्थित पार्किंग फुल हो जाने पर वाहनों को भवाली स्थित विभिन्न पार्किंग– नैनी बैंड बायपास, तिरछाखेत, रामलीला ग्राउंड और भवाली सेनिटोरियम में पार्क कराकर पर्यटकों को शटल के माध्यम से कैंची भेजा जाएगा।▪ आवश्यकता पड़ने पर भारी वाहनों को क्वारब से डायवर्ट कर मोना होते हुए खुटानी को भेजा जाएगा, इसी प्रकार हल्द्वानी से आने वाले भारी वाहनों को खुटानी होते हुए क्वारब की तरफ भेजा जाएगा।▪ यदि वाहनों का दबाव अत्यधिक रहता है तो हल्द्वानी से आने वाले वाहनों को वाया भीमताल, भवाली होते हुए कैंची भेजा जाएगा व वापसी हल्द्वानी जाने वाले वाहनों को भवाली चौराहा, गेठिया ज्योलीकोट होते हुए हल्द्वानी भेजा जाएगा। इस प्रकार वन वे व्यवस्था रहेगी ।

➡ यातायात प्लान रामनगर

▪ काशीपुर से ढिकुली जाने वाले पर्यटको के वाहन किगंढम तिराहे से रोडवेज होते हुए लखनपुर चौराहे से ढीकुली को जायेगें ।▪ ढीकुली से हल्द्वानी कैचींधाम व नैनीताल व दिल्ली को जाने वाले वाहन ढीकुली से आमडन्डा से लखनपुर चौराहा से ड्रिग्रीकालेज से होते हुए कोसी वैराज के रास्ते अपने-अपने गंतव्य को जायेगें।▪ ढीकुली से काशीपुर देहरादून जाने वाले वाहन आम डन्डा से लखनपुर चौराहा से डिग्री कालेज ट्रान्सपोर्ट नगर भवानीगंज होते हुए अपने अपने गंतव्य को जायेगें ।▪लदूआ से ढिकुली होते हुए गर्जिया गेट तक सडक के दौनो तरफ नो पार्किगं जोन रहेगा। रिसोर्ट के सामने रानीखेत रोड पर किसी भी प्रकार के वाहन पार्क नहीं होगें।▪दिनांक 30/12/2023 से 01/01/2024 तक किगंडम तिराहे से रोडवेज होते हुए रानीखेत रोड पर आवश्यक सेवा (पैट्रोल, डीजल, दूध आदि) को छोड़कर अन्य भारी वाहन (खनन वाहन) नहीं चलेगें ।▪भारी वाहन प्रातः 08.00 बजे से रात्रि 22.00 बजे तक रानीखेत रोड पर नही चलेंगे। भारी वाहन केवल रात्रि 22.00 बजे से प्रातः 08.00 बजे तक ही चलेंगे।

➡ यातायात प्लान शहर–हल्द्वानी।

◈ नव वर्ष में आने वाले समस्त पर्यटकों, आमजनमानस एवं वाहन चालक जो शहर नैनीताल, भीमताल, भवाली एवं मुक्तेश्वर इत्यादि पर्यटक स्थलों में जा रहे है, उन वाहनों हेतु यह रहेगा डायवर्जन प्लानः–▪नैनीताल रोड/भीमताल रोड से आने वाले व बरेली रोड / रामपुर रोड की ओर जाने वाले वाहन नारीमन तिराहे से तीनपानी गौला बाईपास रोड का प्रयोग करें।▪ नैनीताल रोड/भीमताल रोड से आने वाले व रामनगर/कालाढूंगी की ओर जाने वाले वाहन, कॉलटैक्स तिराहा से पनचक्की से लालडॉट बाईपास से कालाढूंगी रोड का प्रयोग करें।▪काठगोदाम से भीमताल, मुक्तेश्वर की ओर जाने वाले वाहन एच०एम०टी० मार्ग का प्रयोग करें व नैनीताल की ओर जाने वाले वाहन सीधे नैनीताल मार्ग का प्रयोग करें।▪आमजनमानस, पर्यटकों एवं वाहन चालकों को सूचित किया जाता है कि यदि आप नव वर्ष मनाने नैनीताल जा रहे है तो निम्न बात का विशेष ध्यान रखे- ◈ शहर नैनीताल के होटलो में बुकिंग हो।

▪बरेली रोड से आने वाले वाहन तीन पानी बाईपास से होते हुए गोला रोड काठगोदाम को जाएंगे।▪रामपुर रोड से आने वाले सभी वाहन शीतल होटल से डायवर्ट होकर डीबेर गोरा पड़ाव से तीन पानी होते हुएगोलापुल बाईपास से काठगोदाम को जाएंगे।▪वाहनों का अत्यधिक दबाव होने पर रामपुर रोड से आने वाले वाहनों को पंचायत घर से डायवर्ट कर, आरटीओ रोड हनुमान मंदिर से कालाढूंगी होते हुए नैनीताल को भेजा जाएगा।भारी वाहनों के लिए▪ बरेली रोड, रामपुर रोड, से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन नवीन मण्डी, गोलापुल, खेड़ा पुलिस चौकी के पास रोके जायेंगे।▪ कालाढुंगी, रामनगर रोड से आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन जिन्हे पर्वतीय क्षेत्रों को जाना है, आम्रपाली पुलिस चौकी के पास रोके जायेगे।▪चोरगलिया, सितारगंज, से आने वाले भारी वाहन, जिन्हे पर्वतीय क्षेत्र को जाना है, उन्हे कुंवरपुर पुलिस चौकी चोरगलिया रोड में रोका जायेगा।▪शेष भारी वाहन जो साइड रोड से आते है तथा जिन्हे पर्वतीय क्षेत्र को जाना है, उन्हे कॉलटैक्स तिराहा के पास रोका जायेगा

नोट- भारी वाहन (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक नहीं चलेंगे।

अतः समस्त नागरिको, पर्यटको एवं वाहन चालकों से अनुरोध है कि उक्त बातों को ध्यान में रखकर ही नव वर्ष हेतु शहर नैनीताल के लिए घर से निकलें।

# एसओजी और एलआईयू एवं वायरलेस शाखा हुए अत्याधुनिक मजबूत

## एसएसपी उधम सिंह नगर द्वारा वितरित किये उच्च तकनीकी से लैस लैपटॉप







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

29 दिसंबर : पुलिस मुख्यालय देहरादून के निर्देशानुसार उत्तराखंड पुलिस को पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा उच्च स्तरीय तकनिकी से लैस करने के क्रम में, आज दिनांक 29.12.2023 को एसएसपी उधम सिंह नगर द्वारा SOG और LIU एवं वायरलेस को उच्च तकनीकी से लैस हाई टेक लैपटॉप किये वितरित। एसएसपी उधम सिंह नगर डॉ०मंजुनाथ टी सी महोदय द्वारा पुलिस करमचारियों के लिए पुलिस कल्याण हेतु और भी अन्य कार्य किया जाना रहेगा प्रथम कर्त्तव्यएसएसपी महोदय पुलिस कर्मचारीयों के कल्याण हेतु विगत कई वर्षों से थे प्रयासरत भविष्य में भी पुलिस कल्याण कार्य करते रहेंगे।

# मुख्यमंत्री धामी ने गिरिराज महाराज के दर्शन कर की प्रदेश व देश की खुशहाली की कामना



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मथुरा/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को दो दिवसीय भ्रमण पर मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोवर्धन धाम में दानघाटी मंदिर में गिरिराज महाराज के दर्शन कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री धामी ने गुरु कृपा गार्डन में पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट की। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य ओम प्रकाश सिंह, विधायक पूरण प्रकाश, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, पूर्व चेयरमैन खेमचंद्र शर्मा, महादेव शर्मा ने उनका गिरिराज प्रभु की छवि भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई कार्य संस्कृति एवं विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य को 23 वर्ष पूरे हो गए है। उत्तराखण्ड विकास की नई पटकथा लिख रहा है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री दानघाटी मंदिर पहुंचे तथा गिरिराज महाराज के दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने गिरिराज महाराज की परिक्रमा भी लगाई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गिरिराज परिक्रमा के बाद ब्रज वसुंधरा पहुंचे। यहां उन्होंने कॉटेज में रात्रि प्रवास किया।

# राममय हुए धामी, श्रीराम कथा में हुए शामिल





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

30 दिसम्बर , देहरादून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विनोद नगर वॉर्ड स्थित श्री बद्रीनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान-यज्ञ आयोजन समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के 18वें धार्मिक महा-आयोजन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रीराम कथा सुनी। श्रीराम कथा का वाचन भगवताचार्य डॉ. गीता राम त्रिपाठी द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज उन्हें श्रीराम कथा का साक्षी बनने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का पूरा जीवन एक दर्शन है। यदि हम उनका अनुसरण कर जीवन मार्ग पर कुछ कदम भी चल पाए तो इस जीवन को सार्थक बना लेंगे। पिता से बनवास पाया तो उन्होंने बताया कि एक पुत्र का धर्म क्या होना चाहिए। भरत को गले लगा कर उन्होंने बताया कि एक बड़े भाई का धर्म क्या होना चाहिए। केवट और सुग्रीव से मिले तो उन्होंने बताया कि एक मित्र का धर्म क्या होना चाहिए। जब रावण से आमना-सामना हुआ तो भी उन्होंने बताया कि शत्रुता के बावजूद हमें कैसे धर्म का पालन करना चाहिए। जब राम राजा बनें तो भी उन्होंने बताया कि एक राजा का धर्म क्या होना चाहिए। इसीलिए वो मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए और आज भी हम कोई चाह रखते हैं तो राम राज्य की चाह रखते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के जीवन की एक-एक घटना और उनका प्रत्येक निर्णय हमें एक आदर्श व्यक्ति बनाने के लिए काफी हैं। राम शांति के भी स्वरूप हैं और शक्ति के भी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि हम सभी 22 जनवरी को उस घड़ी के साक्षी होने जा रहे हैं, जब रामलला अपने जन्मस्थान में विराजमान होंगे। भगवान राम के कृतित्व ने मुझे जीवन में सही राह चुनने में हमेशा सहायता की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड का मुख्य सेवक के रूप में वे धर्म के मार्ग पर चलकर जो भी फैसले लेते हैं, वे स्वयं ही समाजहित में सही हो जाते हैं। राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए कदम उठाने, धर्मांतरण को रोकने, नकल रोकने, लैंड जिहाद रोकने, लव जिहाद रोकने के लिए जितने भी निर्णय लिए हैं, वे सब आज समाजहित में सही साबित हो रहे हैं। यदि हम भगवान के बताएं मार्ग पर चलेंगे तो आपको किसी और के मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इस अवसर पर विनोद नगर वॉर्ड के निगम पार्षद रवि नेगी, आयोजक व भारत सरकार के राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड अध्यक्ष बीरेन्द्र जुयाल, पूर्व निगम पार्षदा सत्या जोशी, बी.एल. ढौंड़ियाल, विजय जुयाल, हिमनद महिला संघ अध्यक्षा गायत्री जायड़ा, मीना जोशी, विजय प्रकाश भट्ट, मोर सिंह रावत और भीम सिंह भण्डारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 दिसंबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 139 वें स्थापना पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।यहां नयू रोड स्थित पूर्व विधायक राजकुमार के कैम्प कार्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इस अवसर पर राजेन्द्र ममगांई, कैलाश अग्रवाल, ओम प्रकाश, प्रेकलता, शिव कुमार एवं राजेन्द्र घई को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि उस समय के सभी राष्ट्रवादियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से एक अखिल भारतीय राजनीतिक मंच के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई थी। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू, स्वर्गीय इंदिरा गांधी, स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री, स्वर्गीय राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी हरित क्रांति बीस सूत्रीय कार्यक्रमों से उन्नतिशील भारत बनाया गया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, अर्जुन सोनकर, निखिल कुमार सोम प्रकाश वाल्मीकि, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील बांगा, संतोष राणा, अभिषेक ठाकुर, अमित, पंकज गुसांई, प्रियांश छाबडा, दीपा चौहान, हरि किशोर, शाहिद सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।



हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन सौंपा





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 दिसम्बर : हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर उन्होंने कृषि मंत्री गणेश जोशी के समक्ष किसानों की विभिन्न समस्याओं को रखा जिसमे उन्होंने कृषि मंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि नहरों की सफाई नियमित की जाए कृषि यंत्रों सरकारी छूट राज्यभर मे बराबर हो। किसानों को खाद देते समय नैनो यूरिया जानकारी दी जाए। जो सरकारी भूमि खाली है उसको उपजाऊ बनाने के लिए किसानों को दिए जाने का प्रावधान किया जाए। किसानों को उपजाऊ भूमि, बगीचा आदि में प्लॉटिंग बंद करा दिया जाए।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मौके पर उपस्थित सचिव कृषि दीपेंद्र चौधरी को मामले में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री ने सचिव कृषि को निर्देशित करते हुए प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को नैनी यूरिया की जानकारी ब्लॉक स्तर तक किसानों को देने के संबंध में तत्काल जिलाधिकारियों को सर्कुलर जारी करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा किसानों को हर जिले में ब्लॉक स्तर पर गोष्ठी के माध्यम से समय - समय पर किसानों को खाद की जानकारी दी जाए। खाद्य वितरण केन्द्र में एलईडी के माध्यम से योजना का प्रचार प्रसार तथा किसानों को जानकारी प्रदान की जाए। कृषि मंत्री ने कहा बंजर खाली भूमि को ग्राम पंचायतों को दी जाने की व्यवस्थाएं बनाई जाए। जिससे भूमि की उर्वरक क्षमता भी बनी रहे तथा ग्रामीण किसानों को भी लाभ पहुंचे। कृषि भूमि पर प्लॉटिंग तथा कॉलोनियों के निर्माण को संबंध में मंत्री गणेश जोशी ने सचिव कृषि को एक ठोस रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने सचिव कृषि को प्रदेश में प्राथमिकता के आधार पर नहरों की सफाई का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा जहां आवश्यकता है, वहां यथा शीघ्र कार्य किया जाए। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर सचिव कृषि दीपेंद्र चौधरी, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा, डायरेक्टर नरेंद्र चौहान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण शर्मा,अशोक चौधरी, कपिल पंवार आदि उपस्थित रहे।

# अब हवा से बनेगी बिजली, खर्च होगा जीरो

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसंबर , मैसाच्यूट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय में शोधकर्ताओं की एक टीम ने हवा से बिजली बनाने की एक विधि खोज ली है। इस विधि के जरिए बिना किसी बाधा अथवा प्रदूषण के कम कीमत में लगातार लंबे समय तक बिजली बनाई जा सकेगी। इस विधि को 'जेनेरिक एयर-जीन प्रभाव' कहा जा रहा है। रिसर्च के नतीजे Advanced Materials जर्नल में पब्लिश किए गए हैं।

शोध में में शामिल इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक छात्र और पेपर के प्रमुख लेखक, शियाओमेंग लियू ने बताया कि हवा में भारी मात्रा में विद्युत होती है। उदाहरण के लिए पानी से भरा एक बादल। पूरा बादल पानी की नन्हीं बूंदों से मिल कर बना होता है। परन्तु ये पानी की ये बूंदें इलेक्ट्रिकली चार्ज होती है और सही सिचुएशन में बादल पर्याप्त मात्रा में विद्युत जनरेट कर सकता है। हालांकि अभी तक हम यह नहीं जानते थे कि किस तरह बादलों से इलेक्ट्रिसिटी बनाई जाए। हालांकि रिसर्च में हमने एक छोटे बादल के जरिए इलेक्ट्रिसिटी प्रोड्यूस करने में सफलता पाई है।

'जेनेरिक एयर-जीन प्रभाव' के जरिए बनाई जाएगी हवा से बिजली

वह कहते हैं कि मानव निर्मित इस हवा के बादल से भी एक विशेष सामग्री का प्रयोग कर इलेक्ट्रिसिटी प्रोड्यूस की जा सकती है। इस पूरी विधि को 'जेनेरिक एयर-जीन प्रभाव' कहा जाता है। इस बारे में सबसे पहले 2020 में हमें पता चला था कि बैक्टीरियम जिओबैक्टर सल्फ्यूरड्यूसेंस से उगाए गए प्रोटीन नैनोवायरों से बने एक विशेष सामग्री का उपयोग करके हवा से भी इलेक्ट्रिसिटी जनरेट हो सकती है। हालांकि इसके लिए कुछ जरूरी शर्तों की पालना करना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि रिसर्च के आधार पर एक छोटा इलेक्ट्रिसिटी हार्वेस्टर डिजाईन कर सकते हैं। यह हार्वेस्टर 100 नैनोमीटर (मानव बाल की मोटाई के हजारवें हिस्से से भी बारीक) से छोटे नैनोपोर्स से भरी सामग्री की एक पतली परत से बनाया जाएगा जो पानी के अणुओं को सामग्री के ऊपरी से निचले हिस्से तक जाने देगा। लेकिन क्योंकि प्रत्येक छिद्र इतना छोटा



होता है, पानी के अणु पतली परत से गुजरते हुए आसानी से छिद्र के किनारे से टकरा जाते हैं। इसका मतलब यह है कि परत के ऊपरी हिस्से पर निचले हिस्से की तुलना में कई अधिक चार्ज-वाहक पानी के अणुओं के साथ बमबारी की जाएगी, जिससे चार्ज असंतुलन पैदा होगा, जैसा कि एक बादल में होता है। इस तरह एक बैटरी बनेगी जो हवा में नमी का उपयोग कर विद्युत पैदा करेगी।

# पापा के साथ बच्चे के बॉन्ड को बेहतर बनाते हैं ये टिप्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसंबर , हमारे मन में भारतीय पिता की छवि एक पैसे कमाने वाले व्यक्ति के रूप में होती है। ज्यादातर पिता व्यस्त, स्ट्रिक्ट और गुस्से वाले होते हैं। इसलिए उनके बच्चों की बॉन्डिंग उनके साथ बहुत अच्छी नहीं हो पाती। जबकि बच्चों के जीवन में पिता बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। अक्सर बच्चों के साथ मां का ज्यादा समय बीतता है, लेकिन एक पिता का समय भी बच्चे के लिए उतना ही जरूरी है। जीवन में पैसा होना चाहिए, लेकिन बच्चे के जीवन में पिता का शामिल होना इससे भी ज्यादा अहमियत रखता है। यही उनमें कई अच्छी बातें विकसित करने का कारण बनती हैं। एक स्टडी के अनुसार बच्चों के जीवन में पिता का हाई लेवल का इंवॉल्वमेंट बच्चों में हाई कॉन्फिडेंस और सेल्फ कंट्रोल डेवलप करता है। एक अन्य स्टडीज के अनुसार, जिन बच्चों के पिता उनके जीवन में शामिल होते हैं , वे बच्चे व्यवहार में तो अच्छे होते ही हैं, साथ ही अपनों के साथ उनका रिश्ता भी बेहतर होता है। पैरेंटिंग कोच अवनी ने 3



तरीके बताए हैं, जिससे पिता अपने बच्चों के साथ अपनी बॉन्डिंग को और स्ट्रांग बना सकते हैं।

हर दिन 30 मिनट का समय बिताएं

पिता कितने भी थके हुए क्यों न हो, लेकिन बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का केशिश करें। हर दिन कम से कम 30 मिनट का समय बच्चों को दें। उस समय मोबाइल फोन को खुद से दूर रखें। जो समय बच्चों को दे रहे हैं, वो सिर्फ उनके लिए होना चाहिए।

बच्चों के साथ एक्टिविटी में शामिल हों

एक्सपर्ट के अनुसार, कोई एक एक्टिविटी एक साथ करें या उनका दिन कैसा बीता, इसी पर उनकी बातें सुनें। बच्चों को अपनी बातें बताने में बहुत अच्छा लगता है और यकीन मानिए आपको भी उनकी बातें सुन कर मजा आएगा। आप बच्चों की हेल्प लेकर खाना भी बना सकते हैं। इसमें बच्चों को भी मजा आएगा और मॉम की हेल्प हो जाएगी।

आउटिंग पर जाएं

हर पिता को अपने बच्चों के साथ थोड़ी आउटिंग जरूर करनी चाहिए। उन्हें अपनी नजरों से दुनिया दिखाने की जरूरत है। यह बच्चों के डेवलपमेंट का सबसे अच्छा तरीका है। बच्चा स्कूल में और घर पर बहुत कुछ सीखता है, लेकिन बाहर घूमने और दुनिया देखने से वो बहुत कुछ नया सीख पाता है, जो हमेशा उसके काम आता है। आप कितने भी व्यस्त क्यों न हो, लेकिन थोड़ा सा समय निकालकर साल में दो बार बच्चों के साथ बाहर जाने का प्लान जरूर बनाएं।

# देवप्रयाग में लोगों ने पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली

नई टिहरी। विश्व हिन्दू परिषद और आरएसएस ने भगवान राम की तपस्थली देवप्रयाग में अयोध्या राम जन्म भूमि से पूजित अक्षत कलश के पहुंचने पर तीर्थनगरी में संगम तट से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में तीर्थ पुरोहित समाज और स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया। शुक्रवार को रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या के संतों की ओर से पूजित अक्षत कलश तीर्थनगरी पहुंचा। हिंदू संगठनों द्वारा कलश का देवप्रयाग में भव्य स्वागत करते नगर में ध्वजों और जय श्रीराम के जय घोष के साथ ढोल नगाडों के साथ संगम तट से बाजार में शोभा यात्रा निकाली गई। संघ के जिला प्रचारक भारत ने बताया कि प्रसाद रूपी अक्षत और साहित्य को हर घर तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। कलश यात्रा में तीर्थ पुरोहित समाज, स्थानीय, ग्रामीण क्षेत्रों के लोग, सरस्वती शिशु, विद्या मन्दिर के छात्रों सहित रामभक्तों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। कलश यात्रा में विधायक विनोद कंडारी, ज्योति कैंतुरा, अशोक तिवारी, शशि ध्यानी, डॉ. बीएस रावत, रेखा भट्ट, सुरेश कोटियाल, हजारी लाल भट्ट, शैलेश सयाना,कविता पंचपुरी, शुभा तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये।

## टिहरी पुलिस हुड़दंगियों पर लगाम कसेगी

नई टिहरी। नए वर्ष के आगमन पर टिहरी पुलिस ने ड्रिंकिंग ड्राइव और हुड़दंगियों पर लगाम कसने की तैयारी शुरू की है। एसएसपी ने जगह-जगह पुलिस टीमों को 40 एल्को मीटर के साथ तैनात करने हेतु अधिनस्त अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि थर्टी फर्स्ट और नये वर्ष आगमन पर जिले में शांति बनी रहे, इसके लिये पर्यटक स्थलों पर पुलिस टीमों को तैनात किया जा रहा है। मुनिकीरेती क्षेत्र को नटराज चौक से चंद्रभागा और तपोवन को 4 सेक्टरों में बांटा गया है, प्रत्येक सेक्टर के लिये एक सब इंस्पेक्टर की निगरानी में पुलिस टीम तैनात रहेगी। बताया साथ ही धनोल्टी, कैम्पटी, काणताल, कोटी कॉलोनी सहित अन्य पर्यटक स्थलों के साथ विभिन्न स्थानों पुलिस टीम एल्कोहल मीटर के साथ तैनात रहेगी, ताकि ड्रंकन ड्राइव और हुड़दंगियों पर रोक लगाई जा सके।

# 22 जनवरी को दुल्हन की तरह सजेगी हरकी पैड़ी


हरिद्वार। रामलला 22 जनवरी को गर्भगृह में विराजित होंगे। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर इस दिन अयोध्या ही नहीं बल्कि हरिद्वार में भी जश्न का माहौल रहेगा। हरकी पैड़ी को अयोध्या की तरह फूलों से सजाया जाएगा। शाम को गंगा आरती के बाद हजारों दीप जगमगाएंगे। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने बताया कि 22 जनवरी को खुशी मनाते हुए धर्मनगरी हरिद्वार की हरकी पैड़ी पर भी श्रीगंगा सभा की ओर से हजारों दीपक जलाकर इस उत्सव को मनाया जाएगा। उत्सव को लेकर तैयारियां चल रही है। बताया कि हरकी पैड़ी को फूलों से सजाया जाएगा, इसके लिए तैयारी की जा रही है।

# नई टिहरी में भव्य रूप से निकाली गई पूजित अक्षत यात्रा

नई टिहरी। नगर पालिका क्षेत्र में शुक्रवार को पूजित अक्षत वितरण शोभा यात्रा की धूम रही। स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं, छात्रों और स्थानीय लोगों प्रतिभाग किया। इसके बाद बस्ती प्रमुखों को अक्षत कलश भेंट किए गए। जिन्हें विभिन्न बस्तियों में एक से 15 जनवरी तक वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक अब्बल सिंह श्रीकोटी और आरएसएस के नगर कार्यवाह रामानुज बहुगुणा के नेतृत्व में मोलधार के कृष्णा चौक से विशाल अक्षत कलश यात्रा शुरू होकर बौराड़ी मुख्य बाजार, साई चौक और गणेश चौक होते हुए जानकी मंदिर पहुंची। बाजार में राम धुन पर राम भक्तों ने नृत्य भी किया। अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत एक से 15 जनवरी तक नई टिहरी मंडल के घर-घर तक पहुंचाएं जाएंगे।

# राहु साल 2024 में इन तीन राशियों को करेंगे मालामाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसंबर , नया साल दस्तक देने वाला है। इसलिए सभी विभिन्न ग्रहों के अनुसार अपना राशि प्रभाव जानना चाहते हैं। ग्रहों की बात करें तो राहु साल 2024 में राशि परिवर्तन नहीं करेंगे। राहु साल 2024 में भी मीन राशि में गोचर करेंगे। दिवाली से पहले 2023 में राहु ने मीन राशि में गोचर किया था और अब पूरे साल राहु मीन राशि में ही रहेंगे। राहु के इस तरह गोचर से विभिन्न राशियों पर प्रभाव पड़ेगा, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभाव तीन राशियों पर होगा, इनमें कन्या, तुला और मेष राशि शामिल हैं।दरअसल कन्या राशि में राहु के जोड़ीदार केतु भी हैं।

राहु किस राशि के लिए शुभ है राहु का परिवर्तन

राहु का परिवर्तन तीन राशियों के लिए बहुत ही शुभ रहेगा। कन्या, तुला और मेष राशि के लिए राहु का राशि परिवर्तन बहुत शुभ है। दरअसल केतु के बावजूद कन्या राशि वालों को राहु धन लाभ करा रहे हैं। कन्या राशि वालों को इस वर्ष अचानक कहीं से धन लाभ हो सकता है। इन राशि के जातकों पर विशेष कृपा रखने वाले हैं। वहीं वृषभ राशि वालों को राहु तब लाभ दिलाएंगे जब इस राशि में गुरु पहुंच जाएंगे।

गुरु मेष से जब वृषभ राशि में जाएंगे,इस राशि वालों के बिगड़े काम बनेंगे, नौकर में प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। तुला वालों के लिए भी राहु तनाव को कम करेंगे और आपको आध्यात्मिक लाभ कराएंगे। साल 2024 में राहु का मीन राशि में संचरण कुछ राशि के जातकों के लिए अच्छा साबित हो सकता है।

## संपादकीय

# मौत के बजाय कारावास

कतर में भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों की सजा-ए-मौत रद्द कर दी गई है। उन्हें अब कारावास की सजा दी गई है। वह सजा कितने साल की होगी, यह अदालत के विस्तृत फैसले से ही स्पष्ट होगा। यह अदालती फैसला भारत और उसके पूर्व नौसैनिकों के लिए सुखद और राहतपूर्ण है, क्योंकि जासूसी के अपुष्ट आरोपों पर भारतीय विदेशों में जेल की सजाएं झेलते रहे हैं। कतर में मौत की सजा ने भारत को हैरानी के साथ-साथ सदमे में भी डाल दिया था। कतर के सरकारी अफसर अपराध का खुलासा नहीं कर रहे थे और न ही आरोपों को सार्वजनिक कर रहे थे। यह आरोप जरूर सामने आया कि पूर्व नौसैनिकों ने कतर की एक महत्त्वपूर्ण पनडुब्बी परियोजना की संवेदनशील सूचना इजरायल को दी थी। मौजूदा संदर्भों में भारत इजरायल का मित्र-देश है, जबकि कतर हमास के सियासी नेतृत्व की आर्थिक मदद करता रहा है और उन्हें पनाह भी देता रहा है, लेकिन पनडुब्बी वाली सूचना को लेकर कतर के आरोपों का आधार पुख्ता नहीं था और न ही साक्ष्य थे। बहरहाल भारत की कूटनीतिक और कानूनी लड़ाई रंग लाई और 8 भारतीय मौत की सजा से बच गए। भारत और कतर के दरमियान 2015 का एक समझौता है, जिसके तहत सजायाफ्ता लोगों को उनके गृह देश में ही स्थानांतरित करने का प्रावधान है। वे शेष सजा अपने ही देश में काट सकते हैं। मौजूदा मामले में क्या होता है, उसका खुलासा आने वाले दिनों में ही होगा। गौरतलब यह भी है कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की दुबई में मुलाकात पर्यावरण के कॉप-28 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। प्रधानमंत्री ने पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी और सजा-ए-मौत का जिक्र किया था अथवा नहीं, सरकार उसे लेकर बिल्कुल खामोश है। अगस्त, 2022 में भारत के पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें एकांत कारावास में रखा गया था और मामले को पूरी तरह 'गोपनीय' बना दिया गया था। दोनों ही सरकारों ने आरोपों पर सार्वजनिक बातचीत करने में संकोच बरता। हालांकि कतर में भारत के वाणिज्य दूत और कानूनी टीम को पूर्व नौसैनिकों से मिलने की इजाजत दी गई। कतर में 8 लाख से अधिक भारतीय बसे और काम करते हैं। पूरे पश्चिमी एशिया में भारतीयों की कार्यरत आबादी सर्वाधिक है, लिहाजा जासूसी के आरोप सहज और चुनौतीपूर्ण हैं। पूर्व नौसैनिकों में कैप्टन स्तर के अधिकारी भी हैं, जो ओमान की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नॉलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज कंपनी' के लिए काम कर रहे थे। कंपनी कतर की नौसेना को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दे रही थी। हम किसी भी तरह का दावा नहीं कर सकते कि यह रक्षा-कंपनी संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न रही है या उसे 'काली सूची' में डाल देना चाहिए अथवा भारतीय अब भी इस कंपनी में कार्यरत हैं या कंपनी छोड़ चुके हैं, लेकिन विदेशी कंपनियों में शामिल होने से पहले भारतीयों को विस्तृत जानकारी ले लेनी चाहिए कि उन कंपनियों की पृष्ठभूमि क्या रही है। जिन देशों की न्यायिक व्यवस्था 'ब्लैक बॉक्स' जैसी है, वहां नौकरी नहीं करनी चाहिए। आखिर न्यायिक इंसाफ तो अनिवार्य है। कमोबेश यह मामला भारतीयों को कई बड़े सबक दे सकता है। आज की युवा पीढ़ी वे सबक लेना चाहे अथवा विदेश जाने की अंधी दौड़ में शामिल रहे।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094

**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# ऑनलाइन खरीदने जा रहे हैं नई कार, जरूर पढ़े ये टिप्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसंबर , भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में ऑनलाइन नई कार खरीदने का चलन तेजी से बढ़ रहा है. यह एक डिजिटल शोरूम की तरह है, जिसमें आपके पास ऑप्शंस, कॉम्पिटेटिव डील्स की एक लंबी रेंज है. आपको अब एक डीलरशिप से दूसरे डीलरशिप तक जाने की जरूरत नहीं है, यहां 6 ऐसे टिप्स दिए गए हैं, जो नई कार ऑनलाइन खरीदने आपकी बहुत मदद करेंगे.

**करें डीप रिसर्च**

ऑनलाइन नई कार खरीदने के लिए काफी रिसर्च की जरूरत होती है. कई ऐसे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म हैं जो इसकी डीप जानकारी देते हैं, जिसमें फीचर्स, वेरिएंट और प्राइस के साथ मॉडलों की एक लंबी रेंज मौजूद है. यह बाज़ार के ट्रेंड को समझने, विभिन्न मॉडलों की तुलना करने और विभिन्न कारों के प्राइस प्वाइंट को समझने में मदद करता है. इसके अलावा, यहां यूजर्स रिव्यू और एक्सपर्ट्स की राय भी मौजूद है, जिससे एक बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है.



**भरोसेमंद रिटेल सेलर्स को चुनें :** आपकी ऑनलाइन कार खरीदारी की विश्वसनीयता रिटेल विक्रेता को चुनने पर अत्यधिक निर्भर है. इसलिए क्वालिटी की जांच, सही जानकारी और कस्टमर-सेंट्रिक स्कीम्स के लिए केवल पॉपुलर प्लेटफार्मों को ही चुनें.

**एक्सपर्ट्स की सलाह लें :** जब भी ऑनलाइन नई कार खरीदने की प्रक्रिया के दौरान कुछ दुविधा हो तो ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट से सलाह लेना महत्वपूर्ण है. वे कार मॉडल, फाइनेंसिंग विकल्पों और वारंटी शर्तों को बेहतर ढंग से आपको समझा सकते हैं. जिससे नई कार खरीदने में आपको संतोषजनक और सुरक्षित एक्सपीरियंस मिल सकता है.

**डीलरशिप ऑफर को कंपेयर करें :** ऑनलाइन नई कार खरीदने की प्रक्रिया में अलग अलग डीलरशिप के प्रपोजल का सावधानीपूर्वक कंपेरिजन करें, जिसमें प्राइस, डिस्काउंट, फाइनेंसिंग, सर्विस, एक्सटेंडेड वारंटी, छूटों और एक्स्ट्रा एक्सेसरीज की जानकारी शामिल है, जिससे आपको बेहतर विकल्प चुनने में आसानी होगी.

**बजट को तय करें**

कार खरीदने से पहले अपनी जरूरत और बजट को तय करें, इसके बाद अपने बजट के अनुसार ही अलग-अलग ऑनलाइन प्लेटफार्म पर कार मॉडल्स और उनके स्पेसिफिकेशन को समझें और अपनी आवश्यकताओं से तुलना करें. इसके बाद ही एक निश्चित निर्णय लें.

# सास पर बहु के आरोप उड़ा देंगे होश !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसम्बर , मोबाइल की वजह से लोगों का जीवन आसान जरूर हुआ है लेकिन इसके सिर्फ फायदे ही नहीं है। कई लोगों को मोबाइल की वजह से शारीरिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन अब मोबाइल पारिवारिक कलह की वजह भी बनता जा रहा है। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। उत्तर प्रदेश से एक अजीब मामला मामला सामने आया, जहां सास और बहू के बीच मोबाइल डाटा को लेकर विवाद हो गया।

भला ऐसा भी कहीं होता है झगड़ा

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक बहू अपनी सास की शिकायत लेकर पुलिस थाने पहुंच गई। उसकी शिकायत सुन पुलिस वाले भी हैरत में पड़ गए। बहू की शिकायत थी कि उसकी सास दिन भर मोबाइल चलाती है जिससे पूरा डाटा खत्म हो जाता है। जब वह शाम को मोबाइल उठाती है तो उसमें डाटा ही नहीं मिलता।बहू ने पुलिस से शिकायत कर सास पर मारपीट का भी आरोप लगाया। पुलिस ने जब पूछताछ की तो पूरे विवाद के पीछे की सच्चाई सामने आई। बहू ने बताया कि उसका पति बाहर काम करता है, वह दिनभर काम करने और बच्चों को पढ़ाने में व्यस्त रहती है। शाम को जब वह फ्री होकर मोबाइल चलाती है तो पूरा डाटा खत्म मिलता है।बहू ने कहा कि सास पूरा दिन रील्स देखती रहती है, इससे पूरा डाटा खत्म हो जाता है। बहू की शिकायत सुन पुलिसकर्मी भी हैरत में पड़ गए कि आखिर इस मामले को सुलझाया कैसे जाए? अंत में पुलिस ने दोनों के बीच समझौता करवाकर वापस भेज दिया। अब सास बहू के बीच चल रहा यह विवाद चर्चा का विषय बन गया है।बहू ने इसकी शिकायत अपने पति से भी की थी, वह अलग होने की बात कह रही थी लेकिन पति ना तो समस्या को हल कर रहा था और ना ही मां से अलग होना चाहता था। वह अपनी मां का पक्ष ले रहा था इससे बहू को कोई और रास्ता नहीं सूझा , वह सीधे थाने पहुंच गई और सास की शिकायत कर दी। पुलिस ने भी इसको संज्ञान में लिया और दोनों के बीच समझौता करवाया।



# क्या आप जानते हैं ठंडे पानी से नहाने के लाजवाब फायदे ?

न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 दिसंबर , ठंडे पानी से नहाना दिन की शुरुआत करने का एक ट्रेंडी तरीका बन गया है क्योंकि इससे आपके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, ऊर्जा और मांसपेशियों में दर्द जैसे अनुमानित लाभ मिलते हैं। ठंडी फुहार ठंडे पानी में विसर्जन या ठंडे पानी की चिकित्सा का एक रूप है, जो उन्हें बर्फ स्नान और ठंडे पानी में डुबकी लगाने से संबंध बनाती है। शोध से पता चलता है कि ठंडे पानी से नहाने से कुछ हद तक स्वास्थ्य लाभ हो सकता है क्योंकि वे परिसंचरण और तनाव प्रतिक्रिया में सुधार करने में मदद करते हैं। हालाँकि, ठंडी फुहारों के बारे में सभी लोकप्रिय दावे विज्ञान द्वारा समर्थित नहीं हैं। यह साबित करने के लिए अभी भी अधिक शोध की आवश्यकता है कि ठंडे पानी से नहाने से लंबे समय में स्वास्थ्य को लाभ होता है।

**ठंडे पानी से नहाने के संभावित लाभ - आपका मूड बेहतर हो सकता है**

आपके शरीर को किसी भी प्रकार की ठंड के संपर्क में लाने से सहानुभूति तंत्रिका तंत्र सक्रिय हो जाता है, जो आपकी लड़ाई-या-उड़ान प्रतिक्रिया के लिए जिम्मेदार होता है । ठंडे पानी से नहाने से होने वाले तनाव के जवाब में, आप एंडोर्फिन नामक हार्मोन में वृद्धि का अनुभव कर सकते हैं, जिससे आप खुश और अधिक ऊर्जावान महसूस करते हैं।

शोध से यह भी पता चलता है कि त्वचा में मौजूद ठंडे रिसेप्टर्स मस्तिष्क को तीव्र मात्रा में विद्युत आवेग भेजते हैं जो अवसाद के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं । इस वजह से, ठंडे स्नान के समर्थक अक्सर दावा करते हैं कि बर्फ के ठंडे पानी में खुद को डुबाने से अवसाद को रोका जा सकता है या उसका इलाज किया जा सकता है । हालांकि, ठंडे पानी की चिकित्सा किसी भी मानसिक स्वास्थ्य स्थिति के लिए सिद्ध उपचार नहीं है। एक अध्ययन से पता चला है कि दिन में एक या दो बार पांच मिनट का ठंडा स्नान अवसाद के लक्षणों से राहत देता है। हालांकि, वह अध्ययन 2008 का था। ठंडे पानी से नहाने से अवसाद में क्या और कैसे मदद मिल सकती है, इसे पूरी तरह से समझने के लिए अधिक नवीनतम शोध की आवश्यकता है।

ठंडे पानी में भीगने के बाद अधिक सतर्क महसूस करने के पीछे विज्ञान है। जब ठंडा पानी आपकी त्वचा पर पड़ता है, तो आपका परिसंचरण बढ़ जाता है और रक्त आपके मूल भाग की ओर दौड़ता है। बेहतर रक्त प्रवाह आपके पूरे शरीर में



अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है, जिससे आपको अधिक सतर्क महसूस करने में मदद मिल सकती है। ठंडे पानी से मिलने वाले एंडोर्फिन रश के कारण आप अधिक सतर्क और ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं।शोध में पाया गया है कि नियमित रूप से ठंडे पानी से नहाने से ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसका प्रभाव कैफीन पीने के समान था ।

**मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है**

शीत चिकित्सा के अन्य रूप, जैसे बर्फ लगाना, अक्सर व्यायाम के बाद दर्द को कम करने या चोट को ठीक करने में मदद करने के लिए उपयोग किया जाता है। एक अध्ययन में पाया गया कि गर्दन के नीचे के शरीर को 50-59 डिग्री फ़ारेनहाइट तापमान वाले पानी में 5-15 मिनट के लिए डुबोने से व्यायाम के बाद दर्द को कम करने में मदद मिली । पिछले 32 परीक्षणों की 2021 की समीक्षा में पाया गया कि जिन लोगों ने व्यायाम करने के एक घंटे के भीतर कोल्ड थेरेपी ली, उनमें मांसपेशियों के दर्द में देरी हुई।

**दर्द से राहत मिल सकती है**

अनुसंधान से पता चलता है कि ठंड के संपर्क में आने से आपकी त्वचा में ठंड रिसेप्टर्स मस्तिष्क में विद्युत आवेग भेजते हैं जिनका दर्द कम करने वाला महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। ठंड के संपर्क में आने से एंडोर्फिन भी बढ़ता है, जो मूड में सुधार करता है और दर्द या तनाव के समय प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में कार्य करता है। और इसलिए, ठंडी फुहार पुरानी स्थितियों या चोट से होने वाले दर्द को कम करने में मदद कर सकती हैं। उम्र से संबंधित स्थितियों से रक्षा कर सकता है

2022 की समीक्षा में पाया गया कि ठंडा पानी शरीर में वसा द्वारा जारी हार्मोन एडिपोनेक्टिन के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। माना जाता है कि एडिपोनेक्टिन उम्र से संबंधित स्थितियों जैसे इंसुलिन प्रतिरोध , मधुमेह और एथेरोस्क्लेरोसिस को रोकने में भूमिका निभाता है । शोधकर्ताओं का मानना है कि जैसे-जैसे आप कांपते हैं एडिपोनेक्टिन का स्तर बढ़ता है।

## पिथौरागढ़ में सड़क को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण

पिथौरागढ़। मुवानी क्षेत्र के पिलखी मायल के ग्रामीण सडक़ को लेकर सडक़ पर उतर आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के सात दशक बाद भी उनका गांव सडक़ सुविधा से वंचित है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शीघ्र ही सडक़ निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं हुई तो वह भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। शुक्रवार को नगर के टकाना स्थित कलक्ट्रेट में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीण एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि जनपद के अधिकतर गांवों में सडक़ सुविधा पहुंच गई है, लेकिन उनके गांव में रहने वाले लोग आज भी सडक़ के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह लगातार प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों से सडक़ निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन राहत नहीं मिल रही। सडक़ नहीं होने से सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्ग, रोगी व गर्भवतियों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीण डोली के सहारे उन्हें मुवानी मुख्य सडक़ पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सडक़ के अभाव में घरेलू सिलेंडर की लागत गांव तक पहुंचते-पहुंचते दो हजार रुपये पहुंच रही है। बाद में ग्रामीणों ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए सरकारी तंत्र को आगामी 10 जनवरी तक का समय दिया है। उनका कहना है कि निर्धारित तिथि बाद वह उग्र आंदोलन करेंगे।

## भुगतान के लिए वाहन स्वामियों व चालकों ने तानी मुट्ठी

बागेश्वर। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में जिन टैक्सी वाहनों को अधिग्रहण किया गया था उनका आज तक भुगतान नहीं हो पाया है। भुगतान की मांग को लेकर वाहन स्वामियों व चालकों ने नाराजगी जताई और कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। सभी ने एक स्वर से कहा कि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन का बिगुल फूंक देंगे। ऊं शिव शक्ति टैक्सी यूनियन मालिक चालक कल्याण समिति के बैनर तले चालक व स्वामी शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सितंबर में बागेश्वर विधानसभा के उपचुनाव हुए। इसके लिए उनके वाहनों का अधिग्रहण किया गया था। तब उन्हें जल्द भुगतान का भरोसा दिया था, लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें आज तक भुगतान नहीं हुआ है। भुगतान नहीं होने से वह समय पर टैक्स आदि नहीं दे पा रहे हैं। साथ ही घर चलाना मुश्किल हो रहा है। अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। दोबारो उनके वाहन अधिग्रहित होंगे। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## कोहरे/धुंध में एवं किसी घटना व दुर्घटना में तत्काल सहायता पहुँचाने के लिए पुलिस वाहनों की विजिबिलिटी बढ़ाने की कार्यवाही प्रचलित है

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून, 29 दिसंबर । Grand IJS Electronics कंपनी द्वारा अभिनव कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड के सम्मुख पुलिस मुख्यालय परिसर में पीसीआर वैन पर एक्सटर्नल लाइट्स लगाकर एक डेमो प्रस्तुत किया गया।हरजत सिंह दुग्गल ने बताया कि गाड़ी की छत पर उत्तराखंड पुलिस लिखे हुए 47 इंच की बार लाइट लगाई गई है, जिसे रात भर ऑन रख सकते हैं। फ्रंट/बैक लेफ्ट एवं राइट सेन्डर और फ्रंट ग्रिल में इंटरसेक्शन लाइट लगाई गई है। लेटेस्ट साईरन लगाया गया है, जिसमें USB फीचर होने से pre recorded मैसेज भी लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रसारित कर सकते हैं।पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस के वाहनों की विजिबिलिटी बढ़ने से वे भीड़ में भी आसानी से नजर में आ जाएंगे और आम जन मदद मांगने के तुरंत संपर्क कर सकेंगे। साथ ही किसी भी दुर्घटना में तत्काल मदद पहुंचाने में भी सुविधा होगी इस अवसर पर अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन,ए पी अंशुमान, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, पुलिस महानिरीक्षक पी/एम, नीलेश आनंद भरणे उपस्थित रहे।






## संक्षिप्त खबरें

### सार्वजनिक स्थानों में कूड़ा फेंका तो जुर्माना

पिथौरागढ़। नगर पालिका अब सार्वजनिक स्थानों में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करेगी। पालिका के अधिशासी अधिकारी भगवती प्रसाद ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाने के लिए पालिका सार्वजनिक स्थानों में लगे कूड़ेदानों को हटाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि लोग कूड़ेदान में कूड़ा फेंकने के बजाए डस्टबिन के बाहर या फिर सडक़ किनारे ही कूड़ा फेंककर चले जाते हैं, जो बाद में इधर-उधर बिखर जाता है। उन्होंने कहा कि अब पालिका सडक़ किनारे स्थापित कूड़ेदानों को हटाकर प्रत्येक घर, प्रतिष्ठानों व कार्यालयों में सूखे व गीले कूड़े के लिए दो अलग-अलग डस्टबिन वितरित करेगी। साथ ही कूडे के निस्तारण के लिए डोर टू डोर वाहनों व कर्मियों की मदद से कूड़े का निस्तारण किया जाएगा।

### जौलजीबी में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र खोलने की मांग

पिथौरागढ़। जौलजीबी में स्थानीय लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र संचालित करने की मांग की है। शुक्रवार को सामाजिक सरोकारों से जुडी शकुंतला दताल ने सीडीओ व एसडीएम को पत्र दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजी जनजाति के लिए केंद्र सरकार कई योजनाएं चला रही है पर स्वास्थ सुविधा को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सामान्य बुखार की जांच व उपचार के लिए धारचूला व जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। दिलिंग-दारमा सेवा समिति की उपाध्यक्ष छोरी देवी बोनाल ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

### हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन किया

पिथौरागढ़। बेरीनाग पुलिस ने एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश के बाद हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष उमराव सिंह ने हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन के लिए थाने बुलाया। इस दौरान उन्होंने हिस्ट्रीशीटरों से उनकी दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें अच्छे आचरण के साथ जीवन यापन करने की हिदायत भी दी।

### अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में औसतन रोज तीन से चार घंटे बिजली कटौती हो रही है। पथरी व भट्टीपुर फीडर से जुड़ी लगभग 80 हजार की आबादी को शुक्रवार को पांच घंटे बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। गुरुवार को भी चार घंटे तक बिजली गुल रही, जो दोपहर बाद सुचारू हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली गुल होने के बाद पता नहीं होता है कि बिजली दोबारा कब आएगी।

### चेतन ज्योति आश्रम में होगा संस्कृत छात्रों का बैडमिंटन टूर्नामेंट

हरिद्वार। चेतन ज्योति आश्रम में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित होगी। युवा भारत साधु समाज के अध्यक्ष और चेतन ज्योति आश्रम के महंत शिवम महाराज ने बताया कि तीस दिसंबर से एक जनवरी तक संस्कृत छात्रों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी। चेतन ज्योति संस्कृत छात्र परिषद की ओर से महंत ऋषिश्वरानंद महाराज के सानिध्य में प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है। जिसमें जूनियर और सीनियर वर्ग में एकल, युगल मुकाबले होंगे।

### बिजली का 1290 मीटर तार काटकर ले गए चोर

रुडक़ी। खानपुर क्षेत्र में बिजली की एलटी लाइन के तीन पोल पर लगा 1290 मीटर तार चोर काट ले गए। इससे कई गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। क्षेत्रीय जेई ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए विभाग वहां नया तार लगा रहा है। खानपुर के मौहम्मदपुर खादर व आसपास के मथाना, अब्दुल रहीमपुर, सिकंदरपुर, कर्णपुर, रोहालकी गांव को 11000 केवी की एलटी लाइन से बिजली दी जाती है। बुधवार रात में इन गांवों की बिजली ठप हो गई। अगले दिन दोपहर तक बजिली नहीं आई, तो ग्रामीणों ने बिजलीघर से संपर्क किया। वहां से बताया गया कि लाइन चालू है, लेकिन रास्ते में कहीं फाल्ट होने के कारण फीडर जीरो लोड दिखा रहा है। इसके बाद लोगों ने क्षेत्रीय जेई को सूचना दी। जेई ने टीम के साथ पेट्रोलिंग की, तो पता चला कि मौहम्मदपुर खादर के पास एलटी लाइन के तीन पोल पर लगा कुल 1290 मीटर तार काटकर चोरी कर लिया गया है। इसके बाद ईई लक्सर एसके गुप्ता के निर्देश पर जेई अश्विनी कुमार ने खानपुर थाने में तहरीर दी। एसओ विनोद थपलियाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोर की पहचान की जा रही है।